


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## Death anniversary: महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि आज
# पीएम मोदी समेत इन नेताओं ने बापू को किया नमन




राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि आज पूरे देश में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को याद किया। 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन वर्ष 1948 में महात्मा गांधी की हत्या कर दी गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया के माध्यम से महात्मा गांधी को नमन करते हुए कहा कि बापू का सत्य, अहिंसा और सेवा का मार्ग आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों ने न सिर्फ भारत को आज़ादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी शांति और मानवता का संदेश दिया।



कांग्रेस अध्यक्ष, विभिन्न मुख्यमंत्रियों और अन्य प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी राजघाट पहुंचकर या अपने-अपने तरीकों से बापू को श्रद्धांजलि दी। नेताओं ने कहा कि आज के समय में महात्मा गांधी के सिद्धांत पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं, खासकर सामाजिक सौहार्द, अहिंसा और सत्य के मूल्यों को बनाए रखने के लिए। देशभर में स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संगठनों द्वारा भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## UGC New Rule 2026 Row: UGC नियमों पर रोक लगने पर
# क्या बोले भाजपा और सहयोगी दलों के नेता!




सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी के नए नियमों पर रोक लगाए जाने के बाद भाजपा और उसके सहयोगी दलों की ओर से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कई नेताओं ने कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए इसे सामाजिक संतुलन बनाए रखने की दिशा में जरूरी कदम बताया है। कुछ नेताओं का कहना है कि इस रोक से विश्वविद्यालयों और छात्रों में पैदा हुई अनिश्चितता को कम करने में मदद मिलेगी। भाजपा नेताओं का यह भी कहना है कि नियमों की मंशा भले ही भेदभाव खत्म करने की हो, उनका मानना है कि छात्रों, शिक्षकों और विश्वविद्यालय प्रशासन से चर्चा कर नियमों में जरूरी स्पष्टता और संशोधन किए जाने चाहिए। एनडीए के सहयोगी दलों ने भी संकेत दिए हैं कि सुप्रीम कोर्ट की रोक को अवसर के रूप में लेते हुए सरकार को नियमों की समीक्षा करनी चाहिए। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, यह मुद्दा आने वाले दिनों में संसद और सियासी मंचों पर और गरमाया रहेगा,

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह मुद्दा आने वाले दिनों में और तूल पकड़ सकता है, खासकर उत्तर भारत के राज्यों में, जहां छात्र संगठनों और सामाजिक समूहों की सक्रियता बढ़ गई है।

# Tirumala Laddu Case
## तिरुपति लड्डू विवाद पर CBI ने चार्जशीट में क्या बताया? फिर बढ़ा सियासी पारा, बयानबाजी तेज



तिरुपति के प्रसिद्ध लड्डू प्रसादम से जुड़े बहुचर्चित विवाद में CBI की अगुवाई वाली विशेष जांच टीम (SIT) ने अपनी अंतिम चार्जशीट दाखिल कर दी है। चार्जशीट में बड़ा खुलासा करते हुए कहा गया है कि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (TTD) को सप्लाई किया गया घी असली नहीं था, बल्कि वह केमिकल और वेजिटेबल ऑयल से तैयार किया गया सिंथेटिक घी था। जांच एजेंसी के अनुसार, करीब 68 लाख किलो मिलावटी घी की आपूर्ति की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 250 करोड़ रुपये बताई जा रही है। चार्जशीट में यह भी कहा गया है कि सप्लाई किए गए घी में किसी प्रकार का एनिमल फैट (बीफ टैलो या पिग फैट) पाए जाने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन घी पूरी तरह से केमिकल आधारित और दूध रहित था। रिपोर्ट के मुताबिक, पाम ऑयल, कर्नेल ऑयल और खास केमिकल एडिटिव्स का इस्तेमाल कर नकली घी तैयार किया गया, ताकि वह असली देसी घी जैसा दिखे, महके और लैब टेस्ट में भी भ्रम पैदा कर सके। CBI ने इस मामले में 36 आरोपियों को नामजद किया है, जिनमें TTD के कई अधिकारी, डेयरी कंपनियों के संचालक और बिचौलिए शामिल हैं। जांच में सामने आया है कि कुछ अधिकारियों ने रिश्वत लेकर फर्जी क्वालिटी रिपोर्ट जारी की और जानबूझकर मिलावट को नजरअंदाज किया। चार्जशीट के मुताबिक, टेंडर प्रक्रिया में भी फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया ताकि अपात्र कंपनियों को सप्लाई का ठेका मिल सके। इस खुलासे के बाद आंध्र प्रदेश की राजनीति में सियासी पारा एक बार फिर चढ़ गया है।

## Sadhvi Prem Baisa Death News:
# साध्वी प्रेम बाईसा की मृत्यु पर एसीपी छवि शर्मा को मिले सुराग, जांच शुरू!



राजस्थान की चर्चित साध्वी प्रेम बाईसा की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस जांच तेज हो गई है। जोधपुर के बोरानाडा क्षेत्र में स्थित आश्रम में तबीयत बिगड़ने के बाद उनकी मौत हुई थी। इस मामले की जांच कर रहीं एसीपी छवि शर्मा ने बताया कि शुरुआती जांच में कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं और मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, ताकि मौत की असली वजह सामने आ सके। पुलिस के मुताबिक, साध्वी प्रेम बाईसा को बुखार और सर्दी-खांसी की शिकायत थी। आश्रम में ही एक कंपाउंडर को बुलाकर उन्हें इंजेक्शन लगाया गया

इस घटना के बाद साध्वी के समर्थकों और अनुयायियों में भारी रोष है। कई संगठनों और नेताओं ने निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, कॉल डिटेल्स, सीसीटीवी फुटेज और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। एसीपी छवि शर्मा के अनुसार, सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है और किसी भी तरह की सच्चाई सामने आने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, साध्वी प्रेम बाईसा की मौत का रहस्य बरकरार है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही तस्वीर पूरी तरह साफ होने की उम्मीद है।

## Maharashtra: अजित पवार जल्द करने वाले थे NCP के दोनों गुटों का विलय

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री रहे अजित पवार को लेकर एक बड़ा राजनीतिक खुलासा सामने आया है। उनके निधन के बाद पार्टी के एक करीबी नेता ने दावा किया है कि अजित पवार जल्द ही एनसीपी के दोनों गुटों के विलय की दिशा में ठोस कदम उठाने वाले थे। बताया जा रहा है कि वे पिछले कुछ महीनों से इस मुद्दे पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे थे और पार्टी में एकजुटता को लेकर गंभीर थे। करीबी सूत्रों के अनुसार, अजित पवार का मानना था कि पार्टी में जारी अंदरूनी खींचतान से कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के बीच भ्रम की स्थिति बन रही है। वे चाहते थे कि शरद पवार गुट और उनके नेतृत्व वाले गुट के बीच मतभेद खत्म कर संगठन को एक मजबूत राजनीतिक ताकत के रूप में फिर से खड़ा किया जाए।



सूत्रों का कहना है कि अजित पवार ने यह भी संकेत दिया था कि आगामी राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए पार्टी का एकजुट होना बेहद जरूरी है। उनका फोकस संगठनात्मक मजबूती, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने और विपक्ष के मुकाबले एक मजबूत रणनीति तैयार करने पर था। बताया जा रहा है कि विलय की प्रक्रिया को लेकर एक प्रारंभिक रोडमैप भी तैयार किया जा चुका था, जिसे उचित समय पर सार्वजनिक किया जाना था। हालांकि, उनके अचानक निधन से यह पूरी प्रक्रिया अधूरी रह गई। अब पार्टी के भीतर यह सवाल उठने लगा है कि क्या एनसीपी के दोनों गुट अजित पवार की मंशा को आगे बढ़ाते हुए एकता की दिशा में कदम उठाएंगे या फिर मौजूदा राजनीतिक समीकरण बरकरार रहेंगे।

पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच शोक के साथ-साथ इस मुद्दे पर भी चर्चा तेज हो गई है कि अजित पवार की सोच और उनकी राजनीतिक विरासत को किस तरह आगे बढ़ाया जाए। आने वाले समय में यह साफ होगा कि एनसीपी के दोनों गुट इस संभावित एकता को लेकर क्या रुख अपनाते हैं और महाराष्ट्र की राजनीति में इसका क्या प्रभाव पड़ता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह खुलासा आने वाले दिनों में महाराष्ट्र की राजनीति पर गहरा असर डाल सकता है। बताया जा रहा है कि विलय की प्रक्रिया को लेकर एक प्रारंभिक रोडमैप भी तैयार किया जा चुका था, जिसे उचित समय पर सार्वजनिक किया जाना था।

# Aaj Ka Rashifal 30 January

## इन पांच राशि वालों को हो सकता है अचानक धन लाभ और नौकरी में प्रमोशन के योग

30 January Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 30 जनवरी 2026 का राशिफल।आज यानी 30 जनवरी, शुक्रवार का दिन माघ मास की शुक्ल पक्ष की द्वादशी के उपरांत त्रयोदशी तिथि को दर्शाता है। इस दिन के देवता भगवान शिव हैं, जिनकी कृपा से विशेष आध्यात्मिक और धार्मिक लाभ प्राप्त होते हैं।



### मेष

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी दूर रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है, लेकिन आप बिजनेस में किसी के साथ पार्टनरशिप करेंगे, तो वह आपके लिए बेहतर रहेगा। पहले किए गए योजना से आपको बेहतर लाभ मिलेगा। आप मनमौजी खर्च करेंगे। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, इसलिए आप बाहर घूमने-फिरने ना जाएं।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके घर परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा और किसी शुभ और मांगलिक का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपने काम को लेकर पूरी मेहनत और ईमानदारी दिखानी होगी। आपके बॉस आपके काम से काफी खुश रहेंगे। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में निवेश कर सकते हैं। आप अपने किसी नए घर का काम शुरू कर सकते हैं, जिसके लिए आपको मेहनत अधिक करनी होगी।

### मिथुन

आज आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखना होगा, क्योंकि आपके मनमौजी स्वभाव के कारण परिवार के सदस्य भी परेशान रहेंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको अकस्मात धन लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपने यदि किसी को कोई जरूरी जानकारी शेयर की, तो बाद में वह आपके लिए नुकसानदायक रहेगी। बिजनेस के कामों में आप बदलाव करेंगे।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा और आप अपनी संतान को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जाएंगे, जिससे दोनों के बीच प्रेम और गहरा होगा, लेकिन आपको अपनी किसी पुराने प्यार से भी मुलाकात हो सकती है। आप उस रिश्ते में बिल्कुल आगे ना बढ़ें, नहीं तो आपके जीवनसाथी और आपके बीच कड़वाहट की स्थिति उत्पन्न होगी।

### सिंह

आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उन्होंने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं। आपके बॉस आपके कामों से काफी खुश रहेंगे और उन्हें आपके दिए गए सुझाव भी खूब पसंद आएंगे। धन-धान्य में वृद्धि होगी। आपको अपनी अंदर की कमियों को दूर करके अपने कामों में आगे बढ़ने की आवश्यकता है। आस-पड़ोस में यदि कोई वाद- विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आपस उसमें चुप रहेंगे।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा, जो जातक नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें भी किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आप अपने घर किसी इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं, लेकिन परिवार में चल रही कलह आपके लिए सिरदर्द बनेगी, इसलिए आपको उसे दूर करने की आवश्यकता है। आप अपने किसी परिजन के घर दावत पर जा सकते हैं।

### तुला

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको राजनीति में कोई बड़ा पद मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप बड़े सदस्यों के साथ मिलकर कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको ऑनलाइन शॉपिंग करने से बचना होगा, क्योंकि आपका इससे कोई भारी नुकसान हो सकता है। संतान की सेहत में उतार-चढ़ाव आने से आपकी भागदौड़ लगी रहेगी।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपको कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी, लेकिन आपको बिजनेस में भी फायदा होगा। यदि आपने काम को लेकर किसी से धन उधार लेने का सोचा था, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। आपको अपनी संतान के लिए किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। आप रहन-सहन के स्तर में सुधार लाने की कोशिश करेंगे और आप कुछ नई चीजों की खरीदारी भी कर सकते हैं।

### धनु

आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आप अपनी जरूरत को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे और संतान को किसी कोर्स में दाखिला दिलाने के लिए कहीं बाहर भी जाना पड़ सकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको अपनी सेहत को लेकर भी थोड़ा एतियात बरतनी होगी। यदि आप कार्यक्षेत्र में काम को लेकर लापरवाही दिखाएंगे, तो इससे आपको अपने बॉस से भी डांट खानी पड़ सकती है। राजनीति में आप सोच समझकर कदम बढ़ाएं।

### मकर

आज आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी, लेकिन आप अपनी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रखेंगे और यदि आपने किसी नए काम को करने का सोचा था, तो उसके लिए भी आपको परिवार के सदस्यों का पूरा सपोर्ट मिलेगा। आप अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिल सकते हैं, लेकिन आप यदि किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तो कुछ समय रुक जाएं , तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी और आपको अपनी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है। बिजनेस से संबंधित यदि कोई काम आपका लटका हुआ था, तो उसे भी आप पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे, लेकिन आप किसी को धन उधार देने से बचें, क्योंकि आपके उस धन के वापस आने में समस्याएं खड़ी होगी। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

### मीन

आज का दिन आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आएगा। यदि आपने अपने कामों को समझदारी दिखाते हुए निपटाएंगे, तो उनसे आप आसानी से बाहर निकाल सकेंगे, क्योंकि जीवनसाथी की आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। संतान के संगति पर आपको विशेष ध्यान देना होगा। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें और यदि परिवार में किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा है, तो उसको लेकर आप किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह बिल्कुल ना लें, नहीं तो बाद में आपको पछतावा होगा।

आज यानी 30 जनवरी, शुक्रवार का दिन माघ मास की शुक्ल पक्ष की द्वादशी के उपरांत त्रयोदशी तिथि को दर्शाता है। इस दिन के देवता भगवान शिव हैं, जिनकी कृपा से विशेष आध्यात्मिक और धार्मिक लाभ प्राप्त होते हैं। इसके साथ ही आज का दिन ज्योतिषीय दृष्टि से भी बेहद शुभ संयोग लेकर आया है। आज दिन के स्वामी ग्रह शुक्र मकर राशि में उदित होकर बुध के साथ प्रबल लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण कर रहे हैं

# UP: हाथों में असलहे, सोशल मीडिया पर रौब

## लॉरेंस की तर्ज पर बना रहे गैंग; देखें 32 रंगबाज की लिस्ट के नाम



आगरा के थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में हुई राज हत्याकांड के बाद पुलिस के सामने यहां का गैंगवार आया है। यहां के युवा लारेंस बिश्नोई की तर्ज पर गैंग बना रहे हैं। पुलिस ने इनको चिन्हित किया है। 32 रंगबाजों की पुलिस ने लिस्ट भी तैयार की है।हाथों में असलहे। साथ में युवाओं की टोली। सोशल मीडिया पर वीडियो...। कुछ इसी अंदाज में यमुनापार के दबंग युवा इलाके में धाक जमाने में लगे हैं। कहीं भी सड़क पर वाहन रोक देना। स्टंट करना, कोई बोले तो धमकाना, पिटाई करना आम बात है।राज चौहान हत्याकांड के बाद पुलिस ने एक के बाद एक दबंगों की सूची निकाली तो कुछ तो पुलिस की सूची में पहले से थे, कुछ सिर्फ लोगों की जुबान पर। अब इन सभी पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करने की ठानी है। गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई पर पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में 36 से अधिक मामले दर्ज हैं। इनमें पंजाब में केस सबसे ज्यादा हैं।सोशल मीडिया पर लारेंस बिश्नोई के कई वीडियो हैं। इनको देखने के बाद कई बार युवा उसके गैंग से जुड़ चुके हैं। हाल में आगरा के बाह क्षेत्र से आरोपी भी पकड़े गए थे। राजस्थान में कारोबारी पर गोली चलाने के बाद आरोपी यहीं पर छिपे थे। लारेंस की तरह ही आगरा में कई दबंग युवा अपनी धाक बनाने की कोशिश में लगे हैं।राज चौहान की हत्या के बाद पुलिस ने यमुनापार के ही 100 से अधिक दबंगों को चिह्नित किया है। इनके आगे कोई उठने की कोशिश करता है तो उसे धमकाने से लेकर ठिकाने लगाने में भी पीछे नहीं हटते हैं। इन पर गैंगस्टर की कार्रवाई से लेकर गुंडा, हिस्ट्रीशीट खोलने और संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई करने की तैयारी है।पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि थाना एत्माद्दौला और ट्रांस यमुना क्षेत्र में कई दबंग सक्रिय हैं। इनमें 15 वर्ष से लेकर 22 वर्ष तक के युवा शामिल हैं। यह मामूली से झगड़े में भी बड़े बदमाशों की स्टाइल में निकलते हैं। इन पर कार्रवाई के लिए 5 टीमों को गठन किया है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# UP: हाथों में असलहे, सोशल मीडिया पर रौब

## पुण्यतिथि: सीएम योगी ने गांधी जी की प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि,



सीएम योगी ने पुण्यतिथि पर गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। 'रघुपति राघव राजा राम...' का मनन किया।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राजधानी लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें नमन किया। प्रतिमा के पास बैठकर 'रघुपति राघव राजाराम...' भजन का मनन किया। इस मौके पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और मेयर सुषमा खर्कवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश में दो दिन बाद फिर से बिगड़ेगा मौसम

## पछुआ हवाओं से गिरेगा पारा; इन जिलों में बारिश की चेतावनी



यूपी में गुरुवार को ज्यादातर जिलों में धूप थी, लेकिन एक बार फिर से पूरे प्रदेश में मौसम बदलने जा रहा है। इसको लेकर पूर्वानुमान जारी हुए हैं। उत्तर प्रदेश में हुई बारिश के बाद बृहस्पतिवार से पछुआ हवाएं चलनी शुरू हुई, जिससे ज्यादातर इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पछुआ से सुबह-शाम ठंड का एहसास बढ़ गया है। मौसम विभाग का कहना है कि एक फरवरी से प्रदेश में एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिससे एक से तीन फरवरी के दौरान पश्चिमी और पूर्वी दोनों संभागों में बारिश की संभावना बनेगी।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले 48 घंटों में प्रदेश भर में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट का पूर्वानुमान है।पूर्वी और तराई के इलाकों में हल्का कोहरा छाने की संभावना जताई गई है। बृहस्पतिवार को आगरा में सुबह घने कोहरे कीवजह से दृश्यताशून्यपहुंच गई।

# टैक्सी में नजर आए गोविंदा




90 के दशक में गोविंदा का जलवा था। उस वक्त वह लक्जरी कारों से चलते थे। एक नए वीडियो में उन्हें टैक्सी में देखा गया है। इस पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं।बॉलीवुड के सबसे चर्चित अभिनेताओं में शामिल गोविंदा इन दिनों अपनी किसी फिल्म की वजह से नहीं बल्कि टैक्सी से चलने की वजह से सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर गोविंदा का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें नजर आ रहा है कि वह टैक्सी में बैठे रहे हैं। कभी लक्जरी कारों से सफर करने वाले अभिनेता को लोगों ने जब देखा तो वह हैरान हो गए। उन्होंने वीडियो पर कमेंट किए हैं ।वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक फैन गोविंदा के साथ सेल्फी ले रहा है। इसके बाद अभिनेता आगे बढ़ते हैं और टैक्सी में बैठ जाते हैं। बताया जाता है कि गोविंदा हाल ही में उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ में दो स्कूलों के वार्षिक महोत्सव में पहुंचे थे। यहां उन्होंने परफॉर्म किया।

# सैयारा' फेम अहान पांडे ने एक्टर बनने से पहले चुने




'सैयारा' फेम अहान पांडे एक्टर बनने से पहले कई करियर ऑप्शन आजमा चुके थे। जानिए, किस-किस करियर को उन्होंने अपने लिए चुना? और फिर एक्टर बनने का ही फैसला क्यों लिया? पिछले साल अहान पांडे ने फिल्म 'सैयारा' से बॉलीवुड में कदम रखा था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही है। अहान को भी खूब फेम मिला। लेकिन एक्टर बनने से पहले अहान ने एक नहीं कई करियर अपने लिए चुने। आखिर में उन्होंने एक खास वजह से एक्टर बनने का फैसला किया। हाल ही ग्रेजिया (Grazia) से की गई बातचीत में अहान पांडे ने बताया कि उन्होंने एक्टर बनने से पहले कई करियर चुने थे। वह कहते हैं, 'सोलह साल की उम्र में, मैंने डीजे का प्रोफेशनल ट्राई किया। फिर म्यूजिक प्रोडक्शन में हाथ आजमाया।

# विराट कोहली का सोशल मीडिया अकाउंट गायब होने पर दुखी फैंस



शुक्रवार सुबह विराट कोहली के फैंस परेशान हो गए, जब उन्हें क्रिकेटर का इंस्टाग्राम अकाउंट नहीं दिखा। इसी बीच कुछ फैंस ने अनुष्का शर्मा के इंस्टाग्राम पेज पर जाकर कमेंट करना शुरू कर दिया। फैंस अनुष्का से पूछ रहे हैं कि विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट क्यों नहीं दिख रहा है।विराट कोहली के लिए फैंस की दीवानगी सात आसमान पर रहती है। ऐसे में जब उन्हें क्रिकेटर का इंस्टाग्राम अकाउंट नहीं दिखा तो वह दुखी हो गए। ऐसे में क्रिकेटर विराट कोहली की पत्नी और एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के इंस्टाग्राम अकाउंट पर जाकर फैंस सवाल कर रहे हैं। उन्हें विराट कोहली की चिंता हो रही है। अनुष्का शर्मा ने कुछ दिन पहले विराट और अपना एक वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था। इस वीडियो पर जाकर फैंस कमेंट कर रहे हैं। वह जानना चाहते हैं कि विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट क्यों नहीं

शुक्रवार सुबह जब कुछ फैंस ने इंस्टाग्राम पर क्रिकेटर विराट कोहली का अकाउंट सर्च किया तो वह मिला नहीं। क्या विराट कोहली ने अकाउंट डिलीट किया है? या डिएक्टिवेट हुआ है? इस बारे में अभी को ऑफिशियल अनाउंसमेंट उनकी टीम की तरफ से नहीं की गई है। अनुष्का शर्मा करियर फ्रंट पर क्या रही हैं?अनुष्का शर्मा ने साल 2018 में शाहरुख की फिल्म 'जीरो' की थी। इसके बाद वह अपनी फैमिली लाइफ में व्यस्त हो गईं। अनुष्का और विराट अपने बच्चों के साथ लंदन में रहते हैं। अनुष्का शर्मा इन दिनों पूरी तरह से अपने बच्चों की परवरिश में व्यस्त हैं।यह पहली बार नहीं है विराट ने सोशल मीडिया को लेकर बड़ा फैसला लिया हो। इससे पहले वे अपने अकाउंट से कई विज्ञापन पोस्ट हटा चुके हैं, इस बार पूरा अकाउंट ही नजर न आना लिए चौंकाने वाला है।

# आलिया कॉमेडी 'डोंट बी शाय' की घोषणा,




आज आलिया भट्ट ने अपनी आने वाली फिल्म 'डोंट बी शाय' का एलान किया है। आलिया इस फिल्म का निर्माण अपनी बहन शाहीन के साथ मिलकर कर रही हैं।आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है- 'डोंट बी शाय'। यह प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण आलिया ने अपनी बहन शाहीन भट्ट के साथ मिलकर किया है। जानिए इस फिल्म में क्या खास है? आलिया भट्ट ने आज अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'बॉर्डर 2' की तारीफ की है। उन्होंने फिल्म का एक सीन शेयर किया और लिखा कि यह कितनी खूबसूरत फिल्म है। उन्होंने डायरेक्टर अनुराग सिंह और पूरी टीम के शानदार काम की भी प्रशंसा की। आलिया ने खास तौर पर अपने दोस्त वरुण धवन की बहुत तारीफ की। आलिया ने लिखा । उन्होंने लिखा, 'मेरे प्यारे दोस्त ने कमाल कर दिया, साल की बहुत शानदार शुरुआत। पूरी टीम को बधाई।'आलिया और वरुण ने पहले कई फिल्मों में साथ काम किया है। इसके बाद दोनों ने साथ में 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया', 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' और 'कलंक' जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया है।

# श्रिया सरन पर लगा साउथ की एक्ट्रेस होने का लेबल! जवाब से लोगों को किया खामोश




अभिनेत्री श्रिया सरन ने खुद को साउथ की एक्ट्रेस बुलाए जाने पर बात की है। उन्होंने साउथ के साथ कई हिंदी फिल्मों में भी काम किया है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा है? अभिनेत्री श्रिया सरन अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर सुर्खियों में हैं। उत्तराखंड में जन्मी और हिंदी बोलने वाले परिवार में पली-बढ़ी अभिनेत्री ने साउथ इंडियन सिनेमा में काम किया। उन्होंने साउथ की फिल्मों में तब काम किया जब उन्हें तमिल और तेलुगु बोलना नहीं आता था। 25 साल के अपने करियर में श्रिया ने हिंदी सिनेमा में भी काम किया है। श्रेया ने साउथ इंडियन एक्ट्रेस कहे जाने पर अपनी बात रखी है।श्रिया सरन ने अपनी जिंदगी में हुए कई बदलावों को लेकर कहा 'मेरा जन्म हरिद्वार में हुआ था। मैं अपनी जिंदगी के 17 साल वहीं रही। फिर मैं दिल्ली आ गई, ताकि कथक सीख सकूं। फिर मैंने 17 साल की उम्र में एक्टिंग शुरू की। यह मेरे परिवार के लिए एक बहुत बड़ा कदम था। मेरे पापा इंजीनियर हैं, मां अध्यापक हैं।'श्रिया सरन का मानना है कि शुरुआती वर्षों ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया। उन्होंने कहा 'क्योंकि मैं दिल्ली में एक छोटे शहर की लड़की थी, साउथ में जाना और काम करना मेरे लिए हैरान करने वाला था। वहां से जब मैं सेट पर गई, नई भाषाएं सीखी, यह सब, मुझे लगता है कि इसने मुझे जिंदगी के लिए सच में तैयार किया। मेरा दिल साउथ इंडियन है।'साउथ इंडियन कहे जाने पर अभिनेत्री ने कहा 'मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि आप वही हैं जो आप खुद को मानते हैं। अगर आप बढ़ते रहते हैं और सीखते रहते हैं और जिंदगी को आपको चीजें सिखाने देते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से जीना शुरू कर देते हैं।'आपको बता दें कि श्रिया सरन ने 2001 में तेलुगु फिल्म 'इष्टम' से डेब्यू किया। वह 'छत्रपति', 'शिवाजी', 'पोक्किरी राजा' और 'मनम' जैसी कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी अपनी लगातार मौजूदगी बनाए रखी है, 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में। श्रिया सरन 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई सीरीज 'स्पेस जेन: चंद्रयान' में नजर आ रही हैं। साल के आखिर में 'दृश्यम 3' में बड़े पर्दे पर भी वापसी करेंगी।

# The Bonus Market Update
## सेंसेक्स 619 अंक टूटा, निफ्टी 25300 के नीचे



घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को कमजोर वैश्विक संकेतों और बजट से पहले सतर्कता के माहौल के बीच लाल निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स करीब 619 अंक टूटकर कारोबार करता दिखा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,300 के अहम स्तर से नीचे फिसल गया। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली, जिससे निवेशकों की धारणा कमजोर हुई। जानकारों के मुताबिक, केंद्रीय बजट से पहले अनिश्चितता, रुपये में कमजोरी, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और विदेशी निवेशकों की बिकवाली का दबाव बाजार पर साफ नजर आया। आईटी, बैंकिंग और ऑटो सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा दबाव देखने को मिला, जिससे प्रमुख सूचकांकों पर नकारात्मक असर पड़ा। विशेषज्ञों का कहना है कि बजट से जुड़े संकेतों और वैश्विक बाजारों की चाल पर निवेशकों की नजर बनी रहेगी। जब तक नीतिगत स्पष्टता नहीं आती, तब तक बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है और निवेशक सतर्क रुख अपनाए रह सकते हैं।

# Gold Silver Price Today
## सिल्वर ₹24000 तक टूटी, गोल्ड ₹8000 सस्ता



शुक्रवार को सोना और चांदी की कीमतों में जोरदार गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर चांदी के भाव में करीब 24,000 रुपये प्रति किलो की बड़ी गिरावट आई, जबकि सोना लगभग 8,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। लगातार रिकॉर्ड तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली और बाजार में करेक्शन के चलते कीमती धातुओं पर दबाव देखने को मिला। चांदी में सबसे ज्यादा कमजोरी दर्ज की गई। 5 मार्च एक्सपायरी वाली चांदी करीब 23,993 रुपये टूटकर 3,75,900 रुपये प्रति किलो पर आ गई। एक दिन पहले ही चांदी 4 लाख रुपये प्रति किलो के पार पहुंची थी, जिसके बाद तेज गिरावट से बाजार में हलचल बढ़ गई। वहीं सोने के वायदा भाव भी खुलते ही कमजोर हो गए और इसमें भारी गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों के मुताबिक, रिकॉर्ड स्तरों के बाद प्रॉफिट बुकिंग, वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव और निवेशकों की सतर्कता के चलते सोना-चांदी में करेक्शन देखने को मिल रहा है।

# Airbus: भारत बनेगा दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन बाजार
## एयरबस का दावा- 2035 तक तीन गुना होंगे हवाई जहाज




एयरबस के मुताबिक, भारत में तेज आर्थिक विकास, बढ़ता मध्यम वर्ग और पहली बार हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में तेजी इस ग्रोथ के मुख्य कारण हैं। यूरोपीय विमान निर्माता कंपनी एयरबस ने दावा किया है कि भारत 2035 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन बाजार बन जाएगा। कंपनी के अनुसार, अगले एक दशक में भारतीय एयरलाइंस के बेड़े में विमानों की संख्या करीब तीन गुना बढ़कर लगभग 2,250 तक पहुंच सकती है। यह बयान एयरबस इंडिया एंड साउथ एशिया के प्रेसिडेंट जर्गेन वेस्टरमायर ने 'विंग्स इंडिया 2026' कार्यक्रम के दौरान दिया। अनुमान है कि 2035 तक करीब 35,000 पायलट और 34,000 तकनीकी कर्मियों की आवश्यकता पड़ेगी।

# Trade: यूरोपीय संघ-भारत के बीच व्यापार समझौता अमेरिका के लिए
## रणनीतिक संकेत, नोबेल विजेता अर्थशास्त्री का बयान



यूरोपीय संघ और भारत के बीच हुए ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को लेकर नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता अमेरिका के लिए एक "रणनीतिक संकेत" है, जिससे यह संदेश जाता है कि भारत और यूरोप अब अपने व्यापारिक विकल्पों को विविध बना रहे हैं और केवल अमेरिका पर निर्भर नहीं रहना चाहते। बनर्जी के मुताबिक, यह डील वॉशिंगटन को यह दिखाने के लिए काफी है कि वैश्विक व्यापार में भारत और यूरोप के पास वैकल्पिक साझेदार मौजूद हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि इस समझौते से मिलने वाले फायदे अपने-आप नहीं आएंगे। अभिजीत बनर्जी ने कहा कि भारत को लॉजिस्टिक्स, सप्लाई चेन और समग्र दक्षता में बड़े सुधार करने होंगे, तभी यह समझौता व्यापक आर्थिक लाभ में बदल पाएगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि वैश्विक बाजार में सिर्फ टैरिफ कम होना काफी नहीं है, बल्कि समय पर डिलीवरी, बंदरगाहों की कार्यकुशलता और परिवहन व्यवस्था भी बेहद अहम है।

# Rupee vs Dollar: रुपये को लगा बड़ा झटका
## डॉलर के मुकाबले फिसलकर 92 के स्तर पर पहुंचा



भारतीय रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बड़ी गिरावट के साथ कारोबार करता दिखा। शुरुआती ट्रेड में रुपया कमजोर होकर 92 रुपये प्रति डॉलर के करीब पहुंच गया, जो अब तक का रिकॉर्ड निचला स्तर माना जा रहा है। रुपये में आई इस तेज गिरावट से आयात महंगा होने की आशंका बढ़ गई है और इसका सीधा असर महंगाई पर भी पड़ सकता है। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, डॉलर की मजबूती और वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव की वजह से उभरती अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं पर दबाव बना हुआ है। अमेरिका में ब्याज दरों को लेकर सख्त रुख और मजबूत आर्थिक आंकड़ों से डॉलर इंडेक्स में तेजी आई है, जिससे रुपये समेत कई करेंसी कमजोर हुई हैं। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी भी रुपये पर दबाव की बड़ी वजह मानी जा रही है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है, ऐसे में तेल महंगा होने से डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपये पर नकारात्मक असर पड़ता है।

# India-EU FTA: 'गेमचेंजर' होगा समझौता
## अमेरिका के बजाय यूरोप पर फोकस से बिना अतिरिक्त क्षमता बढ़ाए



भारत-यूरोपीय संघ (India-EU) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा "गेमचेंजर" माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के बजाय यूरोप पर फोकस बढ़ाने से भारत को बिना अतिरिक्त उत्पादन क्षमता बढ़ाए भी बड़ा फायदा मिल सकता है। यूरोपीय बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग पहले से मौजूद है और FTA के लागू होने से टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाएं कम होंगी। इस समझौते से भारत के टेक्सटाइल, फार्मा, ऑटो कंपोनेंट्स, आईटी सेवाओं और इंजीनियरिंग गुड्स को यूरोपीय बाजार में बेहतर पहुंच मिलने की उम्मीद है। अमेरिका की तुलना में यूरोप के साथ व्यापार में अनिश्चितताएं कम मानी जाती हैं। अमेरिका जहां समय-समय पर टैरिफ और नीतिगत बदलाव करता रहा है, वहीं यूरोपीय संघ के साथ दीर्घकालिक और नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था की संभावना अधिक है। इससे भारतीय निर्यातकों को स्थिरता और भरोसेमंद बाजार मिलेगा।

# भारत दुनिया का पावरहाउस: 135 अरब डॉलर रेमिटेंस
## 701 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार; लगातार बढ़ रही हिस्सेदारी



अब भारत आने वाले पैसे में विकसित देशों की हिस्सेदारी बढ़ रही है। इस बात से पता चलता है कि विदेशों में भारतीय स्किल और प्रोफेशनल वर्कर्स की मांग और कमाई दोनों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 16 जनवरी तक 701.4 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। इस भंडार के जरिये देश लगभग 11 महीनों के आयात को कवर कर सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपनी मजबूती का लोहा मनवाया है। 2024-25 में देश को 135.4 अरब डॉलर का रेमिटेंस मिला, जबकि विदेशी मुद्रा भंडार 701 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंच गया। भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी मजबूती का लोहा एक बार फिर मनवाया है। इकोनॉमिक सर्वे के अनुसार भारत ना केवल दुनिया का सबसे बड़ा रेमिटेंस हासिल करने वाला देश बना हुआ है, बल्कि विदेशी मुद्रा भंडार भी रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गया है। 2024-25 में भारत को कुल 135.4 अरब डॉलर का रेमिटेंस मिला। सबसे बड़ी बात यह रही कि

# Biz Updates: 40 फीसदी गिग कर्मचारी की कमाई
## 15 हजार से कम, कौशल विकास से रोजगार बढ़ाने की जरूरत




देश के करीब 40 फीसदी गिग (अस्थायी) कर्मचारी हर महीने 15,000 रुपये से भी कम कमाते हैं। यह आंकड़ा बताता है कि नियमित एवं अस्थायी रोजगार के बीच कमाई के मोर्चे पर अब भी एक बड़ी खाई है, जिसे पाटने के लिए उचित मजदूरी सुनिश्चित करने की जरूरत है। साथ ही, 1.20 करोड़ से अधिक गिग कर्मचारियों के वेतन में सुधार के लिए नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता है। जोमैटो संस्थापक दीपिंदर गोयल ने हाल ही में कहा था कि उनके प्लेटफॉर्म पर डिलीवरी पार्टनर दिन में 8-10 घंटे और सप्ताह में छह दिन काम कर हर माह रुपये कमा सकते हैं। लेकिन, आर्थिक समीक्षा में इससे जुड़ी एक अलग ही सच्चाई सामने आई है। आर्थिक समीक्षा में नियमित एवं अस्थायी रोजगार के बीच कमाई के अंतर को कम करने के लिए प्रति घंटा या प्रति काम के हिसाब से न्यूनतम कमाई तय करने का सुझाव दिया गया है, जिसमें वेटिंग अवधि का मुआवजा भी शामिल हो।

## PT Usha Husband Death: पीटी उषा के पति वी श्रीनिवासन का निधन, आईओए अध्यक्ष से बात कर पीएम मोदी ने जताया दुख

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पीटी उषा के पति वी श्रीनिवासन का 67 वर्ष की आयु में कोझिकोड में निधन हो गया। वे शुक्रवार तड़के घर पर बेहोश होकर गिर पड़े थे और अस्पताल में उन्हें बचाया नहीं जा सका। श्रीनिवासन केंद्र सरकार के पूर्व कर्मचारी थे और पीटी उषा के करियर में हमेशा मजबूत सहारा बने रहे। भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पीटी उषा के पति वी श्रीनिवासन का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, उनका देहांत केरल के कोझिकोड स्थित आवास पर हुआ। वे 67 वर्ष के थे। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह श्रीनिवासन अपने घर पर अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। घटना से परिवार और करीबी लोगों में शोक की लहर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीटी उषा से फोन पर बात कर उनके पति के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की।



प्रधानमंत्री ने इस कठिन समय में परिवार के प्रति अपनी सहानुभूति और समर्थन भी जताया। वी श्रीनिवासन केंद्र सरकार के पूर्व कर्मचारी रह चुके थे। वे पीटी उषा के खेल और राजनीतिक जीवन में हमेशा उनके साथ खड़े रहे। उन्हें उषा के करियर में सबसे मजबूत सहारा और प्रेरणास्रोत माना जाता था। चाहे पीटी उषा का ऐतिहासिक खेल करियर हो या फिर आईओए अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद के रूप में उनकी भूमिका, श्रीनिवासन हर चरण में उनके साथ मौजूद रहे। खेल जगत में उन्हें एक शांत, सहयोगी और समर्पित जीवनसाथी के रूप में जाना जाता था। पीटी उषा और वी श्रीनिवासन के एक पुत्र उज्ज्वल हैं। परिवार ने इस कठिन समय में निजता बनाए रखने की अपील की है। कई दिग्गज खिलाड़ियों और संगठनों ने पीटी उषा के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## Virat Kohli: इंस्टाग्राम से गायब हुआ विराट कोहली का अकाउंट

पूर्व भारतीय कप्तान और स्टार क्रिकेटर विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट अचानक गायब हो गया है। सर्च करने पर उनकी प्रोफाइल दिखाई नहीं दे रही, जिससे फैंस में हैरानी की स्थिति बन गई है। फिलहाल, विराट या उनकी टीम की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पूर्व भारतीय कप्तान और स्टार क्रिकेटर विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट गुरुवार-शुक्रवार की देर रात अचानक गायब हो गया। इंस्टाग्राम पर उनका नाम सर्च करने पर न तो उनकी प्रोफाइल दिख रही है और न ही कोई पोस्ट, जिससे फैंस हैरान और चिंतित नजर आ रहे हैं। विराट कोहली के इस कदम या तकनीकी समस्या को लेकर अब तक उनकी टीम या मैनेजमेंट की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। सोशल मीडिया पर उनके करोड़ों चाहने वाले लगातार सवाल उठा रहे हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टार का अकाउंट ही नजर नहीं आ रहा। विराट कोहली दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले क्रिकेटर हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 274 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। ऐसे में उनका अकाउंट अचानक गायब होना चर्चा का विषय बन गया है। यह पहली बार नहीं है जब विराट कोहली ने सोशल मीडिया को लेकर बड़ा



फैसला लिया हो। इससे पहले वे अपने अकाउंट से कई विज्ञापन पोस्ट हटा चुके हैं, यह कहते हुए कि वे क्रिकेट और परिवार पर ज्यादा ध्यान देना चाहते हैं। हालांकि, इस बार पूरा अकाउंट ही नजर न आना फैंस के लिए चौंकाने वाला है। भारतीय क्रिकेट के स्टार विराट कोहली ने अपने इंटरनेशनल करियर में अब तक कुल 85 शतक लगाए हैं। कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में 123 मैचों की 210 पारियों में कुल 9230 रन बनाए हैं, जिसमें 30 शतक शामिल हैं। उन्होंने 46.85 की औसत से खेलते हुए अपना सर्वोच्च स्कोर 254 नाबाद दर्ज किया। वहीं, वनडे में विराट कोहली का प्रदर्शन और भी शानदार रहा है। उन्होंने 311 मैचों में 14797 रन बनाए और अपने नाम 54 शतक दर्ज किए। 58.71 की औसत और 93 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट के साथ वह सीमित ओवरों के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। जबकि टी-20 क्रिकेट में भी कोहली ने 4188 रन बनाए और 1 शतक लगाया। टेस्ट और टी-20 से पहले ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया है।

## Thailand Masters: ईशरानी बरुआ ने किया उलटफेर, दूसरी वरीय सुंग शुओ युन को हराया

भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी ईशरानी बरुआ ने थाईलैंड मास्टर्स टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। ईशरानी ने महिला एकल वर्ग में बड़ा उलटफेर किया और दक्षिण कोरिया की सुंग शुओ युन को हरा दिया। भारत की ईशरानी बरुआ ने गुरुवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता के महिला एकल में दक्षिण कोरिया की दूसरी वरीयता प्राप्त सुंग शुओ युन को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



भारत की विश्व नंबर 48 खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 34वीं वरीयता प्राप्त सुंग को कड़े मुकाबले में 21-13, 14-21, 21-14 से मात दी। ईशरानी की हमवतन देविका शाइग ने भी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ताइपे की तुंग सिओ-टोंग को 21-14, 21-14 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। महिला एकल के दूसरे राउंड ऑफ 16 मुकाबले में सातवें स्थान पर रहीं भारत की किरण जॉर्ज इंडोनेशिया की प्रादिस्का बगास शुजीवो से 16-21, 11-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। थारुन मन्नेपल्ली ने पुरुष एकल में ताइपे के टिंग येन-चेन को 21-17, 14-21, 24-22 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मिथुन मंजुनाथ हालांकि ली जी जिया की चुनौती से पार नहीं पा सके और अंतिम 16 मैच में 11-21, 21-16, 21-12 से हार गए। भारत की उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी ईशरानी बरुआ ने थाईलैंड मास्टर्स टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ा उलटफेर किया है।

## Hockey India: राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए संभावित पुरुष हॉकी खिलाड़ियों की सूची जारी, मनप्रीत शामिल नहीं

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को पुरुष राष्ट्रीय शिविर के लिए 33 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की है। इसमें मनप्रीत सिंह का नाम शामिल नहीं हैं। मनप्रीत भारतीय टीम के अहम सदस्य रहे हैं, लेकिन संभावित खिलाड़ियों में उनका नाम नहीं होना हैरान करने वाला है। भारतीय हॉकी के सबसे जाने-माने खिलाड़ियों में से एक और मध्यपंक्ति के दिग्गज खिलाड़ी मनप्रीत सिंह का नाम आगामी एफआईएच प्रो लीग सत्र से पहले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए चुने गए 33 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं है। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को संभावित खिलाड़ियों की सूची घोषित की। प्रो लीग का सत्र अगले महीने राउरकेला में शुरू होगा। दो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीमों के सदस्य और 33 वर्षीय पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत 15 वर्षों में पहली बार शिविर के लिए संभावित खिलाड़ियों की सूची में जगह नहीं बना पाए हैं। वह हॉकी इंडिया के वर्तमान अध्यक्ष दिलीप टिर्की के साथ 412 मैचों के साथ संयुक्त रूप से सबसे अधिक मैच खेलने वाले भारतीय खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक मैच दूर हैं। राउरकेला में 10 से 15 फरवरी तक होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों से पहले एक से सात फरवरी तक यह शिविर आयोजित किया जाएगा। गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को भी संभावित टीम में जगह नहीं मिली है, जबकि प्रिंसदीप सिंह को पिछले साल के आखिर में राजगीर में जूनियर एशिया कप में शानदार प्रदर्शन के कारण सीनियर टीम में जगह मिली है।



## Australian Open: टूर्नामेंट में अपना खुद का इतिहास रचना चाहते हैं जोकोविच, 25वें ग्रैंडस्लैम से बस दो जीत दूर

जोकोविच से उस दौर से तुलना करने के लिए कहा गया जब उन्होंने टेनिस जगत में कदम रखा था तथा उस समय रोजर फेडरर और राफेल नडाल शीर्ष पर थे और अब जबकि सिनर और कार्लोस अल्काराज ने पिछले दो सत्र से उन्हें कोई भी ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने से रोक रखा है। पुरुष टेनिस के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में यानिक सिनर के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वह खुद का इतिहास रचने पर ध्यान दे रहे हैं। अब तक रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले जोकोविच जब सिनर के खिलाफ मुकाबले के संदर्भ में सवालों का जवाब दे रहे थे तब एक सवाल पर उन्हें अपमान महसूस हुआ। जोकोविच वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 11वां खिताब जीतने की कवायद में हैं। जोकोविच से उस दौर से तुलना करने के लिए कहा गया जब उन्होंने टेनिस जगत में कदम रखा था तथा उस समय रोजर फेडरर और राफेल नडाल शीर्ष पर थे और अब जबकि सिनर और कार्लोस अल्काराज ने पिछले दो सत्र से उन्हें कोई भी ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने से रोक रखा है। जोकोविच ने सवालिया अंदाज में कहा, 'मैं यानिक और कार्लोस का पीछा कर रहा हूं। किस अर्थ में। मैं हमेशा पीछा करने वाला खिलाड़ी ही रहा हूं। मेरा कभी पीछा नहीं किया जाता। उन्होंने कहा, 'मुझे यह थोड़ा अपमानजनक लगता है कि आप उस दौर के बीच की घटनाओं को नजरअंदाज कर रहे हैं जब मैंने आपके अनुसार राफा और रोजर का पीछा करना शुरू किया था और अब मैं कार्लोस और यानिक का पीछा कर रहा हूं। शायद बीच में लगभग 15 साल का ऐसा समय था जब मैं ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए हुए था। जोकोविच ने कहा, 'इसे सही परिप्रेक्ष्य में देखना महत्वपूर्ण है। सच कहूं तो मुझे ऐसा नहीं लगता कि मैं किसी का पीछा कर रहा हूं। मैं अपना खुद का इतिहास रच रहा हूं।' ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष वर्ग में शीर्ष चार वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। पहला सेमीफाइनल दूसरी वरीयता प्राप्त सिनर और जोकोविच के बीच खेला जाएगा जबकि नंबर एक कार्लोस अल्काराज़ और नंबर तीन अलेक्जेंडर ज़्वेरेव शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। इन दोनों मैच के विजेता रविवार को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगे।



# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612
















